POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनाकं 18.06.2024

1.थाना कासना पुलिस द्वारा मोबाइल फोन चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 05 मोबाइल फोन व अवैध हथियार बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 18.06.2024 को थाना कासना पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से जिम्स अस्पताल कासना के पास से चोरी के 05 मोबाइल फोन के साथ 02 अभियुक्तो 1.कपिल पुत्र वीरेन्द्र 2.नितेश उर्फ नितिन पुत्र राधेलाल को **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 05 मोबाइल फोन, अभियुक्त कपिल के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस व अभियुक्त नितेश उर्फ नितिन के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जो रैकी करके मोबाइल फोन चोरी कर लेते है व अपने बचाव के लिए अपने पास अवैध हथियार रखते है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. कपिल पुत्र वीरेन्द्र निवासी ग्राम पीजरी थाना गौंडा जिला अलीगढ उम्र-22 वर्ष।
2. नितेश उर्फ नितिन पुत्र राधेलाल निवासी ग्राम पीजरी थाना गौंडा जिला अलीगढ उम्र-21 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--

अभियुक्त कपिल पुत्र वीरेन्द्र--

01. मु0अ0सं0 149/2024 धारा 380/411/414 भादवि तथा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कासना, गौतमबुद्धनगर।
02. मु0अ0सं0 116/2022 धारा 380/511 भादवि थाना कासना, गौतमबुद्धनगर।
03. मु0अ0सं0 508/2023 धारा 379/411 भादवि कोतवाली देहात जिला बुलन्दशहर।
04. मु0अ0सं0 509/2023 धारा 414 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट कोतवाली देहात जिला बुलन्दशहर।
05. मु0अ0सं0 194/2023 धारा 379/411 भादवि थाना लोधा जिला अलीगढ़।

अभियुक्त नितेश उर्फ नितिन--

01. मु0अ0सं0 149/2024 धारा 380/411/414 भादवि तथा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कासना, गौतमबुद्धनगर।
02. मु0अ0सं0 116/2022 धारा 380/511 भादवि थाना कासना, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

01. 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर
02. 01 अवैध चाकू
03. चोरी के 05 मोबाइल फोन

2.थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस द्वारा नोएडा/एनसीआर क्षेत्र में रैकी कर दुपहिया वाहन चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 03 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 04 मोटरसाइकिल बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 18.06.2024 को थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान लोकल इंटेलीजेंस एवं गोपीनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए नोएडा/एनसीआर क्षेत्र में दुपहिया वाहन चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 03 शातिर वाहन चोर/अभियुक्त 1-सुनील कुमार उर्फ कालिया पुत्र पप्पू 2-अशुंल यादव उर्फ अंशु पुत्र बदन सिहं 3-राज बहादुर पुत्र महेन्द्र सिहं को बहलोलपुर अंडरपास के पास सब्जी मण्डी से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर नं0 यूपी 80 एफएच 5364 व अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी की 03 अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गई है। अभियुक्तों से चोरी की कुल 04 मोटरसाइकिल बरामद की गयी है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- अभियुक्तों से बरामद मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर रजि0 नं0 यूपी 80 एफएच 5364 को अभियुक्तों द्वारा करीब 1.5 वर्ष पूर्व थाना बिसरख क्षेत्र से चोरी की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बिसरख पर मु0अ0सं0 273/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। अन्य मोटरसाइकिल टीवीएस रेडियन रजि0 नं0 यूपी 16 सीएक्स 9356 व मोटरसाइकिल बजाज प्लेटिना रजि0 नं0 यूपी 16 एन 7852 को अभियुक्तो द्वारा दो दिन पूर्व बहलोलपुर से चोरी करना बताया गया है, जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर-63 नोएडा मु0अ0सं0 262/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। बरामद अन्य मोटरसाइकिल टीवीएस रेडियन रजि0 नं0 डीएल 12 एसएस 1647 को अभियुक्तो द्वारा कुछ माह पूर्व नोएडा से ही चोरी करना बताया गया है। जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. सुनील कुमार उर्फ कालिया पुत्र पप्पू निवासी मेवा नगला पोस्ट जिरोली थाना दादो जिला अलीगढ़ उम्र 19 वर्ष।
2. अशुंल यादव उर्फ अंशु पुत्र बदन सिहं निवासी ग्राम मेवा नगला पोस्ट जिरोली थाना दादो जिला अलीगढ़ उम्र 19 वर्ष।
3. राज बहादुर पुत्र महेन्द्र सिहं निवासी मेवा नगला पोस्ट जिरोली थाना दादो जिला अलीगढ़ उम्र 20 वर्ष।

अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0 263/2024 धारा 411/414/420 भादवि थाना सेक्टर-63, नोएडा।
2. मु0अ0सं0 262/2024 धारा 379 भादवि थाना सेक्टर-63, नोएडा।
3. मु0अ0सं0 273/2023 धारा 379 भादवि थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरण--

1. मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर रजि0 नं0 यूपी 80 एफएच 5364 (थाना बिसरख पर पंजीकृत मु0अ0सं0 273/2023 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित)
2. मोटरसाइकिल टीवीएस रेडियन रजि0 नं0 यूपी 16 सीएक्स 9356 (थाना सेक्टर-63 नोएडा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 262/24 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित)
3. मोटरसाइकिल बजाज प्लेटिना रजि0 नं0 यूपी 16 एन 7852 (थाना सेक्टर-63 नोएडा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 262/24 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित)
4. मोटरसाईकिल टीवीएस रेडियन रजि0 नं0 डीएल 12 एसएस 1647(जिसके सम्बन्ध में आस-पास के थानों पर जानकारी की जा रही है)